आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक-10.10.2023 समय-2.10PM

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

प्रदेश में चुनाव के ऐलान के साथ ही तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी और 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। आवेदनों की जांच 31 अक्टूबर को होगी और 2 नवम्बर को नाम वापसी के साथ ही प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी। 17 नवंबर को राज्य में वोट डाले जाएंगे और 03 दिसंबर को मतों की गिनती होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। शहरी क्षेत्र में 16 हजार 763 और ग्रामीण क्षेत्र में 47 हजार 760 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के ऐप जरिए कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन होने के बाद भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।

प्रत्याशी लिस्ट

चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद अब सभी राजनीतिक दल चुनावी मोड पर आ गए है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के बाद कल बहुजन समाज पार्टी ने कल 26 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। इसमें पथरिया से पार्टी की विधायक रामबाई को दोबारा टिकट दिया गया है। वहीं, चित्रकुट में भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल होने वाले सुभाष शर्मा पर भरोसा जताया है। जौरा सीट से पूर्व विधायक सोनेराम कुशवाह, सबलगढ़ से सोनेराम धाकड़, भांडेर से राजू चौधरी, अंबाह से डॉ. रामवरन सिंह, खरगापुर से हृदेश कुशवाह, राजनगर सीट से घासीराम पटेल, छतरपुर सीट से डीलमणि सिंह, विजयपुरी से महेश कुशवाहा, बिजावर सीट से महेंद्र गुप्ता, मनगवा सीट से रामायण साकेत को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले कल भाजपा ने

57 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की थी। वहीं कांग्रेस ने अभी तक एक भी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है।

चुनाव प्रचार

प्रदेश में चुनाव के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दल अपने पक्ष में महौल बनाने में जुट गए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज शहडोल जिले के ब्यौहारी में आम सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर जातिगत जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि अगर प्रदेश में उनकी पार्टी सरकार में आई तो वे जातियों के आधार पर जनगणना कराएंगे। उधर बीजेपी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखते हुए आरोप लगाया कि कमलनाथ सरकार के दौरान जनजातीय महिलाओं को मिलने वाला पोषण आहार भत्ता सरकार ने बंद कर दिया था।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए यह हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है -"मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है"। इसका उद्देश्य ज्ञान में सुधार करना और ऐसे कार्यों को आगे बढ़ाना है जो सार्वभौमिक मानव अधिकार के रूप में सभी के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करें।

1992 में, रिचर्ड हंटर के नेतृत्व में वर्ल्ड फाउंडेशन फॉर मेंटल हेल्थ ने 10 अक्टूबर को "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" के रूप में मनाने का सुझाव दिया। पहला विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 1994 में "दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार" विषय के तहत मनाया गया था।

संक्षिप्त समाचार

- बैतूल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने कहा है कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा चुनाव करवाने के लिए आदर्श अचारण संहिता का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

- टीकमग जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों मे मतदान के लिए 808 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।
- नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कल पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले के विधानसभा क्षेत्रों में वाहन, आमसभा, जुलूस, हेलीपेड सहित अन्य कार्यों की अनुमति हेतु सक्षम अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।
- जबलपुर के बरेला थाना क्षेत्र में चूल्हागोलाई से मंडला हाईवे पर पिकअप वाहन की टक्कर से दो मोटरसाइकिल सवार युवकों की मौत हो गई।